राष्ट्रीय एकता दिवस
अति–आवश्यक

**राजस्थान सरकार**
**सामान्य प्रशासन विभाग**

---

क्रमांकः पं.24(10)साप्र./ग्रुप–2/2014 जयपुर, दिनांकः– 29.10.2015

## बैठक कार्यवाही विवरण

सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर, 2015 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने के संबंध में पूर्व तैयारी हेतु दिनांक 29.10.2015 को प्रातः 10.30 बजे अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस रूम, शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में संलग्न सूची अनुसार अधिकारियों ने भाग लियाः–

**जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन :**

सभी जिला मुख्यालय पर दिनांक 30.10.2015 को सायं 5.00 बजे अधिकारियों/कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी एवं जिलों के समस्त शिक्षण संस्थाओं में दिनांक 31.10.2015 को प्रातः 8.00 बजे सभी विद्यार्थियों एवं नागरिकों को एकत्रित कर सर्वप्रथम राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी जायें। तत्पश्चात् जिला कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी/तहसीलदार/संस्था प्रधान द्वारा (जैसी भी स्थिति हो) शपथ का भावार्थ समझाया जायें एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व की जानकारी दी जायें। जिला मुख्यालयों पर इसके पश्चात् राष्ट्र गान कराएं एवं उसके पश्चात् एकता के लिये दौड़ (Run for Unity) करवायी जायें। समस्त संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर अपने–अपने क्षेत्र में उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन की कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। इसके संबंध में विभागों द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही सम्पादित की जायेगीः–

| विभाग | सम्पादित की जाने वाली कार्यवाही |
|---|---|
| जिला कलक्टर | सम्बन्धित विभागों के माध्यम से एकता के लिए दौड़ में भाग लेने वालों के लिए पानी व छाया का इंतजाम, दौड़ समापन पर बच्चों को अल्पाहार, सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर व होर्डिंग लगवाना तथा दौड़ के रास्ते में पीने के पानी की व्यवस्था, समारोह स्थल पर पोडियम, मंच पर माईक की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर पुलिस व्यवस्था एवं कार्यक्रम से सम्बन्धित व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराना। |
| पुलिस विभाग | एकता के लिये दौड़ (Run for Unity) मार्ग एवं कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। जिला मुख्यालय पर मार्च पास्ट हेतु पुलिस विभाग द्वारा पृथक् से निर्देश प्रसारित किए जा चुके हैं। |
| जनसम्पर्क विभाग | कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार, विज्ञापन, फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, उद्बोधन में ध्यान देने योग्य बिन्दु, कार्यक्रम समापन पर विस्तृत रिपोर्ट साफ्ट कॉपी द्वारा तैयार करवाना। |

| | |
|---|---|
| खेल विभाग | नेहरू युवक केन्द्र की भागीदारी सुनिश्चित करना। अन्तर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को कार्यक्रम में लाने की व्यवस्था करना, दौड़ में भाग लेने वाले स्थानीय खिलाड़ियों की व्यवस्था करना। |
| शिक्षा विभाग | विद्यार्थियों को यूनिफार्म में लाने व ले जाने की व्यवस्था, दिन में राष्ट्रीय एकता को प्रेरित करने वाली कोई भी गतिविधि यथा–पेन्टिंग / पोस्टर प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, भारतीय खेलों की प्रतियोगिता आदि आयोजित करवाई जाए। |

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम (जयपुर)**

दिनांक 31.10.15 को राज्यस्तरीय Run for Unity कार्यक्रम जयपुर में विधानसभा के उत्तरी द्वार के बाहर, जनपथ पर आयोजित किया जायेगा। विधानसभा के उत्तरी द्वार के दोनों ओर समस्त विद्यार्थियों को प्रातः 8.00 बजे एकत्रित किया जाकर सर्वप्रथम राष्ट्रीय एकता की शपथ मुख्य अतिथि द्वारा दिलाई जायेगी एवं उद्बोधन दिया जावेगा। तत्पश्चात् राष्ट्रगान होगा एवं Run for Unity का आयोजन किया जायेगा। जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम स्थल पर सम्बन्धित विभागों के माध्यम से समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चत करने की जिम्मेदारी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर, जयपुर की होगी।

| विभाग | सम्पादित की जाने वाली कार्यवाही |
|---|---|
| संभागीय आयुक्त, जयपुर | कार्यक्रम स्थल पर सम्बन्धित विभागों के माध्यम से समस्त कार्यवाही संपादित करायेंगे। |
| जिला कलक्टर, जयपुर | संबंधित विभागों के माध्यम से विधानसभा के सामने मंच, पोडियम, साउण्ड माईक की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था एवं रैली के मार्ग पर संबंधित विभागों से समन्वय कर सफाई व्यवस्था, समारोह स्थल पर व्यवस्थाओं हेतु अधिकारी नियुक्त करना, मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस एवं अन्य समस्त व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करवाना। |
| आयुक्त पुलिस, जयपुर | एकता के लिये दौड़ (Run for Unity) विधानसभा के उत्तरी द्वार के सामने से स्टेच्यू सर्किल तक मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था / यातायात व्यवस्था, वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करना। राष्ट्रगान हेतु कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बैण्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाएगी। |
| जयपुर विकास प्राधिकरण | विधान सभा के उत्तरी द्वार जनपथ पर मंच, माईक (साउण्ड), पोडियम व बैठने के लिए टैंट आदि की व्यवस्था। सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल की तस्वीर व होर्डिंग, फ्लैक्स लगवाना। एकता के लिए दौड़ में भाग लेने वाले बच्चों हेतु अल्पाहार की व्यवस्था। शपथ प्रारूप के फ्लैक्स तैयार कर लगवाना। |
| जनसम्पर्क विभाग | कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार, विज्ञापन, फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, कार्यक्रम समापन पर विस्तृत रिपोर्ट साफ्ट कॉपी में तैयार करवाना। कार्यक्रम हेतु उद्घोषक की नियुक्ति करवाना। |

| | |
|---|---|
| खेल विभाग | नेहरू युवक केन्द्र की भागीदारी सुनिश्चित करना, जयपुर में बच्चों के लिए केप की व्यवस्था करना, अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को कार्यक्रम में लाने की व्यवस्था करना, दौड़ में भाग लेने वाले स्थानीय खिलाड़ियों की व्यवस्था, Run for Unity दर्शाते हुए झण्डों की व्यवस्था करना। |
| शिक्षा विभाग | निदेशक, माध्यमिक शिक्षा 4,000 विद्यार्थियों को एकता के लिए दौड़ के लिए विधानसभा के उत्तरी द्वार के दोनों ओर एकत्रित करेंगे। जिसमें संबंधित स्कूल के शिक्षक विद्यार्थियों का पूरा ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 31.10.2015 को प्रातः 8.00 बजे किया जायेगा, बच्चों को यूनिफार्म में लाने व ले जाने की व्यवस्था, दिन में राष्ट्रीय एकता को प्रेरित करने वाली कोई भी गतिविधि यथा–पेन्टिंग/पोस्टर प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता करवाना तथा दिनांक 31.10.2015 को राज्य के समस्त स्कूलों में एकता की शपथ दिलवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। एकता की दौड़ के शुभारम्भ हेतु मुख्य अतिथि द्वारा दिखाई जाने वाली हरी झण्डी की व्यवस्था। |
| आयुक्त नगर निगम, जयपुर | विधानसभा के सामने व दौड़ के मार्ग पर सफाई व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था व चल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। |
| मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर | एकता के लिए दौड़ स्थल के शुभारम्भ व समापन स्थल पर पृथक्–पृथक् मेडिकल टीम मय एम्बुलेंस की व्यवस्था को सुनिश्चित करवाएंगे। |

**सचिवालय स्तरीय कार्यक्रम:**

सचिवालय स्तर पर भी सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुए दिनांक 30.10.2015 को सायं 5.00 बजे राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जायेगी। जिसकी व्यवस्था कार्मिक विभाग द्वारा की जायेगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दिलाई जाने वाली शपथ का प्रारूप संलग्न है।

(अजीत कुमार सिंह)
प्रमुख शासन सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. सचिव, मुख्यमंत्री महोदया, राजस्थान।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री, राजस्थान।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग।
5. निजी सचिव, महानिदेशक, पुलिस, राजस्थान।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग।

7. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग।
8. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, खेल विभाग।
9. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग।
10. निजी सचिव, कार्मिक विभाग।
11. निजी सचिव, शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा।
12. निजी सचिव, शासन सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा।
13. निजी सचिव, आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण।
14. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
15. पुलिस आयुक्त, जयपुर।
16. आयुक्त, नगर निगम, जयपुर।
17. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान।
18. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग।
19. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी–प्रथम/द्वितीय, जयपुर।
20. रक्षित पत्रावली।

(महेन्द्र कुमार खींची)
शासन उप सचिव

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

## RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.